**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.07.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को देगा कौशल प्रशिक्षण

## ऐसे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास सोसाइटी के साथ किया समझौता



*कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता हस्तांतरित करते हुए प्रयास सोसायटी के पदाधिकारी। (छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 9 जुलाई (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के अंतर्गत संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास सोशल वेलफेयर सोसायटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रयास सोसाइटी समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए काम करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन है। इस समझौते पर कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल और प्रयास सोसायटी के अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. रश्मि पोपली और प्रयास सोसाइटी के महासचिव तरुण गुप्ता भी उपस्थित थे। डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि इस समझौते से ऐसे विद्यार्थियों को भी लाभ होगा जो प्रयास सोसाइटी के प्रशिक्षण केन्द्रों में कौशल प्रशिक्षण ले रहे है। ऐसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज में कौशल पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि कालेज द्वारा बी.वोक सहित कई कौशल पाठ्यक्रम चलाये जा रहे है, जिसके लिए विद्यार्थियों का अच्छा रूझान है। इस सहयोग को विश्वविद्यालय के सामाजिक सरोकार के अंतर्गत की जाने वाली पहल का हिस्सा बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री के विचार को साकार करने के लिए प्रत्येक वर्ग से लोगों को समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में योगदान देने के लिए आगे आना होगा। रमेश कुमार गुप्ता ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय को समाज के कमजोर वर्ग से संबंधित लोगों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण और परस्पर सहयोग से कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इसके लिए विश्वविद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 10 July 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.07.2020**


## DAINIK JAGRAN

# आर्थिक कमजोर वर्ग के युवा बनेंगे हुनरमंद

- जेसी बोस विश्वविद्यालय ने किया प्रयास सोसायटी से समझौता
- सोसायटी के केंद्रों में कौशल प्रशिक्षण ले रहे युवा भी होंगे लाभांवित

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमएसीए) विश्वविद्यालय में संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट ने प्रयास सोशल वेलफेयर सोसायटी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जाएगा।

समझौते पर कम्युनिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.संजीव गोयल और प्रयास सोसायटी के अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने कुलपति प्रो.दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ.एसके गर्ग की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। इस दौरान कॉलेज की उपप्राचार्य डॉ. रश्मि पोपली और प्रयास सोसायटी के महासचिव तरुण गुप्ता भी उपस्थित थे। बकौल डॉ.संजीव गोयल, इस समझौते से ऐसे छात्रों को भी लाभ होगा, जो प्रयास सोसायटी के प्रशिक्षण केंद्रों में कौशल प्रशिक्षण ले रहे है। ऐसे छात्र विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज में कौशल पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकेंगे। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए हर वर्ग से लोगों को समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में योगदान देने के लिए आगे आना होगा।



यह यूनिवर्सिटी और संस्था का एक सराहनीय और काफी अच्छा प्रयास है। इससे समाज के वंचित वर्ग के युवा भी हुनरमंद होंगे, तो खुद का काम आसानी से कर सकेंगे। इससे उनको कहीं पर भी नौकरी पाने में काफी आसानी होगी। उनमें आत्मविश्वास भी पैदा होगा।
–**डॉ.एसके गर्ग**, कुलसचिव, जेसी बोस यूनिवर्सिटी



प्रशिक्षण के लिए विभिन्न क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों से 12वीं कक्षा के कॉमर्स विषय के छात्रों को तलाश कर उन्हें जीएसटी से जुड़े विषयों का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। इसके अलावा भी कई तरह का प्रशिक्षण दिलवाकर युवाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर किया जाएगा।
–**रमेश गुप्ता**, अध्यक्ष, प्रयास सोशल वेलफेयर सोसाइटी

यह और फरीदाबाद की अन्य खबरें >> www.jagran.com पर पढ़ें

**NEWS CLIPPING: 10.07.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

प्रवेश मौजूद रहे।

# गरीब युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के अंतर्गत संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डिवेलपमेंट ने एक बेहतरीन पहल शुरू की है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास सोशल वेलफेयर सोसायटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। प्रयास सोसायटी समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करती है। इस समझौते पर कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल और प्रयास सोसायटी के अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. रश्मि पोपली और प्रयास सोसायटी के महासचिव तरुण गुप्ता भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 10.07.2020**

**HINDUSTAN**

# कौशल प्रशिक्षण देगा वाईएमसीए

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए संस्थान में चल रहे कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट की ओर से प्रयास सोशल वेलफेयर सोसायटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल और प्रयास सोसायटी के अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग की उपस्थिति में करार साइन किया। डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि इस समझौते का लाभ ऐसे छात्रों को मिलेगा जो प्रयास सोसाइटी के प्रशिक्षण केन्द्रों में कौशल प्रशिक्षण ले रहे हैं।

इस अवसर पर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. रश्मि पोपली और प्रयास सोसाइटी के महासचिव तरुण गुप्ता भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 10.07.2020**

**THE PIONEER**

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को देंगे प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास सोशल वेलफेयर सोसायटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।

प्रयास सोसाइटी समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए काम करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन है। इस समझौते पर कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल और प्रयास सोसायटी के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार गुप्ता ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. रश्मि पोपली और प्रयास सोसाइटी के महासचिव तरुण गुप्ता भी उपस्थित थे। डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि इस समझौते से ऐसे विद्यार्थियों को भी लाभ होगा जो प्रयास सोसाइटी के प्रशिक्षण केन्द्रों में कौशल प्रशिक्षण ले रहे है।